श्याम सांवरे आजा | By Master Pancham

मेरे श्याम सांवरे आजा दिल तुझे पुकारे
तूफानों ने घेरा हमको, हम कैसे लगे किनारे

गहरी नदियां नाव पुरानी, छाई है घोर घटायें
अपने दिल का दर्द बता दे, जाके किसको सुनाये
हारे का तू है सहारा, हम किस्मत हारे
तूफानों ने घेरा हमको, हम कैसे लगे किनारे
मेरे श्याम सांवरे आजा दिल तुझे पुकारे
तूफानों ने घेरा हमको, हम कैसे लगे किनारे

हाथ में तेरे सौंप दी मोहन, हमने जीवन डोरी
अब ना छोड़ के जायेंगे हम, खाटू नगरिया तोहरी
बहते अँखियों से बाबा अब अश्क़ों के धारे
तूफानों ने घेरा हमको, हम कैसे लगे किनारे
मेरे श्याम सांवरे आजा दिल तुझे पुकारे
तूफानों ने घेरा हमको, हम कैसे लगे किनारे

ये खुदगर्ज़ ज़माना सारा, झूठा प्यार दिखाते
किसपे करें भरोसा अब हम, झूठे हैं रिश्ते नाते
केवल अपने भक्तों को तू पार उतारे
तूफानों ने घेरा हमको, हम कैसे लगे किनारे
मेरे श्याम सांवरे आजा दिल तुझे पुकारे
तूफानों ने घेरा हमको, हम कैसे लगे किनारे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-by-master-pancham/